UP Board Notes Class 6 Sanskrit Chapter 11 गणतन्त्रदिवस-समारोहः

शब्दार्थाः –

श्वः = कल (आने वाला),
ह्यः = कल (बीता हुआ),
स्वकीयम् = अपना,
अद्यैव = आज ही,
कुत्र = कहाँ,
भविष्यति = होगा,
यन्त्रालयेषु = कारखानों में,
क्रीडाङ्गणेषु = खेल के मैदान में,
भारतद्वारस्य = भारतद्वार (इंडिया गेट) के,
सम्बोधयिष्यति = सम्बोधित करेंगे,
शोभनम् = सुन्दर,
नेष्यन्ति = ले जाएंगे।

प्रभाकरः – वयस्य……………………..शोभनमु, अतिशोभनम्।।
हिन्दी अनुवाद – प्रभाकर – मित्र जैकब ! कल गणतन्त्र दिवस का समारोह होगा। वह देखने के लिए हम जाएँगे। सलीम कल मुझसे कह रहा था कि हम भी वहाँ जाएँगे। क्या तुम भी वहाँ चलोगे?
जैकब – मित्र! गणतन्त्र दिवस का समारोह किसलिए होता है? ।
प्रभाकर – अहो ! क्या तुम नहीं जानते कि प्रथम गणतन्त्र दिवस से ही स्वतन्त्र भारत का अपना नया संविधान आरम्भ हुआ था?
जैकब – गणतन्त्र दिवस का आरम्भ कब हुआ? |
प्रभाकर – अभी तो हमारे अध्यापक ने गणतन्त्र के विषय में सबको बताया था कि सनू उन्नीस सौ पचास ईसवी के जनवरी माह की छब्बीस तारीख को प्रथम गणतन्त्र दिवस समारोह हुआ; क्योंकि इससे पहले जनवरी माह की छब्बीस तारीख को रावी नदी के तट पर कांग्रेस दल के अधिवेशन में देश की पूर्ण स्वाधीनता का संकल्प स्वीकृत हुआ था, अतः इसी दिन को गणतन्त्र में बदला गया, इसलिए इसी दिन स्वाधीनता दिवस समारोह होता है। डॉ० राजेन्द्र प्रसाद हमारे देश के प्रथम राष्ट्रपति हुए थे।
जैकब – यह समारोह कहाँ होता है अथवा कल कहाँ होगा ?
प्रभाकर – इस समारोह का सम्पूर्ण देश में लोग उत्साह से आयोजन करते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, मंत्रालयों और बाजारों में ध्वजारोहण होता है। विद्यालयों में बालक खेल के मैदान में उत्साह सहित खेलेंगे। इसके बाद शिक्षक सबको लड्डू देंगे।
जैकब – भारत की राजधानी दिल्ली नगर में कल क्या-क्या होगा ?
प्रभाकर – वहाँ इंडिया गेट के एक स्थान पर राष्ट्रपति राष्ट्र को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चातू भारतीय सैनिक विभिन्न समूहों में उनके सम्मुख आकर उनका अभिनन्दन करेंगे।
जैकब – गणतन्त्रदिवस-समारोह में और क्या-क्या होता है?

https://www.evidyarthi.in/

प्रभाकर – विभिन्न राज्यों से लोग इस समारोह के दर्शन के लिए वहाँ जाते हैं। अपने-अपने राज्य की कलाकृतियाँ भी प्रदर्शित करने के लिए वहाँ ले जाते हैं।
जैकब – क्या दिल्ली में रहने वाले ही इंडिया गेट जाते हैं?
प्रभाकर – नहीं, नहीं, सारे भारतीय शामिल होकर जा सकेंगे। यह समारोह सारे देश का है, इसलिए । आज सर्वत्र अवकाश होता है।
जैकब – तब तो मैं भी वहाँ शामिल होऊँगा। अपने मित्र हमीद को भी वहाँ ले जाऊँगा।
सलीम – सुन्दर, अति सुन्दर !

https://www.evidyarthi.in/